<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–15 दिसंबर 2024</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ स्थित एसजीपीजीई के इक्तालीसवें स्थापना समारोह में हुए शामिल : कहा– विकसित भारत के लक्ष्य के लिए स्वस्थ भारत आवश्यक।
- यूपी विधानमंडल का शीतकालीन सत्र कल से होगा शुरू, आज विधानसभा अध्यक्ष की अगुवाई में होगी सर्वदलीय बैठक।
- यूपी पुलिस सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक परीक्षा 26 दिसम्बर से। कल से डाउनलोड कर सकेंगे प्रवेशपत्र
- जूना अखाड़ा के साधू संतों ने कल भव्य शोभायात्रा के साथ शाही अंदाज में किया प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र में प्रवेश।
- अगले अड़तालीस घंटों में प्रदेश के कई इलाकों में जारी रहेगा शीतलहर का दौर। मौसम विभाग ने आज के लिए जारी किया येलो अलर्ट।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के 41वें स्थापना दिवस समारोह में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों और छात्र–छात्राओं को वार्षिक और अनुसंधान पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य का प्राप्त करने के लिए स्वस्थ भारत बनाना आवश्यक है। तभी समर्थ भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। एसजीपीजीआई में चिकित्सा सेवाओं की सराहना करते हुए उन्होंन कहा कि यह संस्थान स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक प्रेरणास्रोत है।

***पिछले 5–7 वर्ष के दौरान एसजीपीजीआई ने अपनी समय के उस प्रवाह के साथ अपनी स्पीड को बएााया है और अपनी स्पीड बढ़ाने के साथ एसजीपीजीआई ने अपने आपको वर्तमान की प्रतिस्पर्धा के साथ हम खड़े रह सके, इसके लिये जिस विजन के साथ संस्थान के निदेशक संस्थान के साथ फैकल्टी मेम्बर्स यहां के सभी कार्मिकों और यहां के सभी स्टूडेंट्स ने मिल करके संस्थान को आज जिस नई ऊंचाई की ओर पहुंचाने के लिये कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि एसजीपीजीआई की कार्य क्षमता को तीन गुना बढ़ाने की जरूरत है, मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिले इसके लिये सरकार संस्थान को हर संसाधन उपलब्ध करायेगी।

**********

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र कल से शुरू होगा। आज विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। शाम को लोकभवन में भाजपा विधानमंडल दल की बैठक भी होगी। विधानमंडल सत्र के दौरान विपक्ष विभिन्न मुद्दो को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास करेगा। वहीं सरकार का पूरा ध्यान दूसरे अनुपूरक बजट का पारित कराने पर होगा।

सत्र को लेकर जारी अधिसूचना के अनुसार यूपी विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। पहले दिन यानी कल औपचारिक काम के साथ अध्यादेश, अधिसूचनाएं, नियम आदि विधानसभा के पटल पर रखे जाएंगे। दूसरे दिन यानी 17 दिसंबर को वित्तीय वर्ष 2024–25 का दूसरा अनुपूरक बजट दोनों सदनों में प्रस्तुत किया जाएगा। 18 दिसंबर को अनुपूरक बजट की अनुदान मांगों पर चर्चा के बाद इसे सरकार पारित कराएगी। इसके बाद विधायी कार्य होंगें।

**********

उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के अभिलेखों की जांच और शारीरिक मानक परीक्षण 26 दिसंबर से होगा। अभ्यर्थी कल से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। सिपाही भर्ती परीक्षा इसी वर्ष अगस्त माह में दस पालियों में सम्पन्न कराई गई थी।

***उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष डीजी राजीव कृष्ण ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों की पुलिस लाइन में सिपाही भर्ती परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के अभिलेखों की जांच और शारीरिक मानक परीक्षण की व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थी 16 दिसंबर से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। इसके लिए वेबसाइट लिंक भर्ती बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में कोई असुविधा होने पर अभ्यर्थी हेल्पलाइन नंबर 8867786192 पर संपर्क कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस की सबसे बड़ी सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा का परिणाम 21 नवंबर को घोषित किया गया था। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।***

**********

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में एकल प्रवेश प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया गया है। जिससे छात्र ऑनलाइन माध्यम से भी सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में प्रवेश ले सकेंगे। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि उच्च शिक्षा के संचालन और बेहतर समन्वय के लिये

निदेशक उच्च शिक्षा का कैम्प कार्यालय लखनऊ में स्थापित किया जायेगा। उन्होंने शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यशाला संचालित किये जाने के भी निर्देश दिये। श्री उपाध्याय ने बताया कि बैठक में प्रदेश के विश्वविद्यालयों की नियुक्ति समितियों में सरकार के प्रतिनिधित्व के लिये एक समिति गठित किये जाने का भी फैसला लिया गया है।

**********

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शाही जामा मस्जिद के सर्वे के बाद भड़की हिंसा के खिलाफ प्रशासन का सख्त रुख बरकरार है। इसी कड़ी में कल प्रशासन ने बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया तो मुस्लिम बहुल इलाके में स्थित एक घर में प्राचीन शिव मंदिर मिला। प्रशासन ने मंदिर से अवैध कब्जा हटाते हुए 46 साल से कैद भगवान शिव, कार्तिकेय और हनुमान को मुक्त कराया। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने बताया कि वर्ष 1978 से पहले ये मकान एक हिंदू परिवार का था। मंदिर के पास ही एक प्राचीन कुआं है, जो पाट दिया गया था। नगर निगम टीम के सहयोग से इस खुएं को खुदवाया जा रहा है।

**********

प्रयागराज महाकुंभ 2025 में अखाड़ों के साधु संतों का औपचारिक प्रवेश कल भव्य शोभा यात्रा के साथ शुरू हो गया। जूना अखाड़े के संतों ने कल शाही अंदाज में रथों पर सवार होकर मेला क्षेत्र में प्रवेश किया। एक रिपोर्ट

***प्रयागराज महाकुंभ मेले का खास आकर्षण अखाड़े की पेशवाई यानी छावनी प्रवेश है. सनातन परंपरा के अनुरूप आज जूना अखाड़े के संत आज शाही अंदाज में मेला क्षेत्र में प्रवेश कर महाकुंभ क्षेत्र ने बनी छावनी में प्रवेश कर गए। जूना अखाड़े के संरक्षक महंत हरि गिरि और आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि की अगुवाई में हजारों नागा सन्यासी शाही अंदाज में छावनी प्रवेश किया। पेशवाई के दौरान मौज गिरी घाट से कुंभ मेला क्षेत्र तक मेला प्रशासन पुलिस प्रशासन और नागरिकों ने साधु संतों पर पुष्प वर्षा कर अभिवादन किया। सज धज का निकली भव्य शोभा यात्रा में साधु संत रथ और योद्धा नागा संन्यासी घोड़े पर सवार नागरिकों का अभिवादन करते रहे ।छावनी प्रवेश के दौरान नागा साधुओं ने युद्ध कला का प्रदर्शन मेला क्षेत्र में मौजूद नागरिकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।***

**********

भारतीय रिजर्व बैंक ने बिना जमानत के कृषि ऋण की सीमा एक लाख साठ हजार से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय अगले वर्ष पहली जनवरी से प्रभावी होगा। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि इसका उद्देश्य किसानों को बेहतर वित्तीय सुविधा प्रदान करना है। इस निर्णय से किसानों पर मुद्रास्फीति और कृषि की बढ़ती लागत का प्रभाव कम होगा।

**********

प्रदेश के सभी जनपदों में कल राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया गया। मिर्जापुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित लोक अदालत में 38 हजार से अधिक मुकदमों का निस्तारण किया गया। वहीं 14 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

**********

भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी की तबियत बिगड़ने पर कल उन्हें दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें फिलहाल आईसीयू में रखा गया है। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक उनकी हालत स्थिर है।

**********

प्रदेश के विभिन्न इलाकों में ठंड और शीत लहर का मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। लखनऊ मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले 48 घंटों तक प्रदेश के कई इलाकों में शीतलहर का दौर जारी रहेगा। बाइट.....(7)

***अगले 48 घंटों के दौरान जो ये शीतलहर की स्थितियां है उत्तरी इलाकों में या कहीं–कहीं दक्षिण तक भी पहुंच रही है। पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश दोनों में यह अगले 48 घंटे तक बिना किसी विशेष परिवर्तन के जारी रहेंगी। उसके बाद हवाओं की दिशा जो है बदलेगी, पछुआ से पूर्वी हो जायेगी और उसके प्रभाव से अगले 2–3 दिनों में तापमान में 2–3 डिग्री का दछाल आयेगा जिसके वजह से ये शीतलहर वाली स्थिति समाप्त हो जायेगी, परन्तु तराई इलाकों में जो है अगले डे–3 और डे–4 में घना कोहरा होने की संभावना है।***

**********